हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 1 जुलाई 2025

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 वॉटर हार्वेस्टिंग को लेकर नागरिक नहीं हैं ...



09 स्टेशन पर सुविधा बढ़ोतरी का डीआरएम को मांग पत्र ...



### 30 सितंबर तक पर्यटकों के लिए बंद हुए एसटीआर कोर क्षेत्र के द्वार

# नोएडा के टूरिस्ट ने ली सीजन की अंतिम टिकट, बफर जोन में जारी रहेगा पर्यटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/सोहागपुर

मानसून सत्र में नियमानुसार आज एक जुलाई से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां बंद हो जाएंगीं। पर्यटकों के लिए 30 सितंबर 2025 तक कोर क्षेत्र के द्वार बंद हो जाएंगे। वहीं रिजर्व के बफर जोन में पर्यटन मानसून में भी जारी रहेगा।

रिजर्व प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतिवर्ष मानसून सत्र शुरू होते ही कोर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां बंद हो जाती हैं। जिसके चलते अब 30 सितंबर तक कोर क्षेत्र में पर्यटन पूरी तरह बंद रहेगा। वहीं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में पर्यटन गतिविधियां मानसून के दौरान भी जारी रहेंगी। इधर 30 जून को पर्यटन सीजन के अंतिम दिवस सुबह एवं शाम कुल मिलाकर 19 जिप्सी पर्यटकों से फुल रहीं। बरसात दौरान भी कोर क्षेत्र में पर्यटक रेनसूट्स पहनकर जंगल सफारी के लिए पहुंचे।

**सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां बंद हो जाएंगीं। पर्यटकों के लिए 30 सितंबर तक कोर क्षेत्र के द्वार बंद रहेंगे।**



#### नोएडावासी ने ली अंतिम टिकट

सीजन के अंतिम दिवस कोर क्षेत्र प्रवेश की अंतिम टिकट सारंगपुर ग्राम स्थित काउंटर से नोएडा से आए पर्यटक जितेंद्र गर्ग ने ली। गर्ग ने बताया कि उन्होंने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की प्रसिद्धि सुनी थी एवं वे यहां बाघ का दीदार करने आए हैं। वहीं मध्य प्रदेश के विविध क्षेत्रों सहित सोहागपुर क्षेत्र से भी कई पर्यटक सत्र के अंतिम दिवस जंगल सफारी के लिए पहुंचे।डिप्टी रेंजर अनिल मालवीय ने बताया कि बरसात के दौरान भी पर्यटकों ने मॉर्निंग एवं ईवनिंग शिफ्ट में जिप्सी सफारी की।

### पर्यटकों की पंसद बना एसटीआर, दूर दूर से घूमने आए पर्यटक

#### लगभग 39 हजार पर्यटक आए मढ़ई



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद के अनुसार एक अक्टूबर 2024 से 28 जून 2025 तक के टूरिज्म सीजन में 39 हजार 221 पर्यटकों की मढ़ई में आमद हुई व दो दिन का डाटा जोड़ना शेष है। अंकित जामोद ने बताया कि 28 जून 2025 तक देशी पर्यटकों की संख्या 33 हजार 310 थी। जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या 5911 रही। जामोद ने बताया कि 2023-24 के सत्र में लगभग 39 हजार 366 पर्यटक आए, जिनमें देशी पर्यटक 35 हजार 136 थे तथा विदेशी पर्यटक 4230 थे। वहीं गत सत्र की आय लगभग छह से सात करोड़ रुपए की बताई गई है।

#### क्यों जरूरी है मानसून सीजन का ताला




सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार मानसून दौरान एक जुलाई से 30 सितंबर तक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में पर्यटन बंद रहता है। इसके पीछे मुख्य कारण है कि मानसून मौसम वन्यजीवों का प्रजनन काल होता है। एवं प्रबंधन तथा व्यवस्था द्वारा वन्यजीवों की निजता का भी ध्यान रखा जाता है। वहीं दूसरा कारण यह है कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का कोर एरिया तवा डैम से घेरा हुआ है। तथा अंदरुनी घाटियों व जिप्सी सफारी के रास्तों पर तवा डैम का बैक वाटर भरने से रास्ते बंद हो जाते हैं। इसलिए भी मानसून सत्र में कोर एरिया में पर्यटन बंद रखा जाता है।

#### बड़ा है रिजर्व का क्षेत्र

जानकारी अनुसार एसटीआर लगभग 2135 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला है। जिसमें से बफर जोन का क्षेत्रफल लगभग 795 वर्ग किमी का है। जबकि रिजर्व का कोर क्षेत्र लगभग 1340 वर्ग किलोमीटर का है। बताया जाता है कि कुछ वर्ष पूर्व तक एसटीआर का क्षेत्र कुछ हद तक सीमित था। लेकिन टाइगर कॉरिडोर के समय-समय पर अस्तित्व में आने के बाद धीरे-धीरे वर्ष दर वर्ष क्षेत्र विस्तारित होता जा रहा है।

## बस संचालन के लिए दिए सावधानी बरतने के निर्देश

### स्कूल बसों पर हुई चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वर्षा ऋतु में यात्री बस संचालन के दौरान सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियों के पालन हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों का उद्देश्य बस यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, खासकर भारी वर्षा के दौरान जब सड़कें फिसलन भरी हो जाती हैं और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।

तत्संबंध में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम श्रीमती रिंकु शर्मा ने अध्यक्ष एवं सचिव बस ऑपरेटर यूनियन नर्मदापुरम को निर्देश दिए है कि किसी भी स्थिति में ऐसी पुल-पुलियों और रपटों पर बस नहीं ले जाएं जिन पर पानी भरा हो। बसों की पूर्व फिटनेस जाँच करवाकर उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम स्थिति में ही संचालित करें। बसों में ओव्हर लोडिंग न करें और निर्धारित बैठक क्षमता का पालन करें। बसों का संचालन परमिट में निर्धारित समय और मार्गानुसार ही करें। चालकों को मौसम के अनुसार सर्तकता और सावधानी पूर्वक वाहन चलाने के निर्देश दें।

इन निर्देशों का उल्लंघन या किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित बस ऑपरेटर के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी, जिसमें परमिट निरस्तीकरण की कार्यवाही भी शामिल है।



#### स्कूल वाहनों पर हुई चलानी कार्रवाई

आयुक्त तथा कलेक्टर नर्मदापुरम के निर्देशों के परिपालन में स्कूल वाहनों की जांच की गई। सुरक्षित परिवहन तथा दस्तावेजों की पूर्ति न होने पर 15 वाहनों की जांच कर राशि रुपए 20,000/- चलानी कार्यवाही की गई।

## सैनिक स्कूल के विद्यार्थियो ने किया तिलक सेंदूर का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

छात्रों का तिलकसेंदुर भ्रमण छात्र छात्राओं को तिलकसेंदुर में शंकर भोले बाबा के दर्शन करवाये।वहाँ के इतिहास से अवगत करवाया। रामकिशोर चौरे, सेवानिवृत्त अपर वन मण्डल अधिकारी, इटारसी ने वृक्षों, वनों, पर्यावरण, वन्यप्राणियों एवं पक्षियों के सम्बंध में जानकारी दी एवं उनके संरक्षण का महत्व बतलाया। इस दौरान वनरक्षक, भगतसिंह उइके, उपवन क्षेत्रपाल जमानी रहे। सियाशरण मिश्रा,पूर्व सूबेदार,विष्णु श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

## नपाध्यक्ष ने कार्यालय में नागरिकों से सुनी वार्डों की समस्याए, निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा नगरपालिका कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी गई तथा उनका निराकरण करने हेतु नगरपालिका टीम को निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने कई आवेदकों की समस्याएं सुनी। छोटी-छोटी समस्याओं को तत्काल नगरपालिका की टीम भेजकर समाधान कराया। उन्होंने आवेदकों से कहा कि बारिश के दिनों में नगरपालिका के स्वच्छता अभियान में सहयोग करें। साथ ही आपके आसपास के नागरिकों को भी इस अभियान में सहयोग करने के लिए कहें। आसपास नाले नालियों और खुले प्लाटों में किसी भी प्रकार का कचरा न फैंकें। कचरा फैंक देने से बारिश में बहकर वे नाले नालियों में फंसते हैं तथा जल भराव की समस्या उत्पन्न करते हैं। नगरपालिका नगर में स्वच्छता अभियान तेजगति से चला रही है।



## तीन फीट बढ़ा तवा का जलस्तर सोमवार को हुई जोरदार बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

तवा डैम का जलस्तर तीन फीट बढ़कर 1119.20 फीट पर पहुंच गया है। डैम के एसडीओ एनके सूर्यवंशी ने बताया कि 15 जून को जलस्तर 1116.20 फीट था, जो अब 1119.20 फीट पर पहुंच गया।

इटारसी में 30 जून को 21.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस साल जून में कुल 105.2 मिमी बारिश हुई। पिछले साल इसी अवधि में 11.4 मिमी बारिश हुई थी। जून 2024 में कुल 129.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी। जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 30 जून को प्रातः 8 बजे तक जिले में 1289.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1062.2 मिमी वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 30 जून 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 42.3 मिमी, सिवनीमालवा में 48.0 मिमी, इटारसी में 21.8 मिमी, माखननगर में 12.0 मिमी, सोहागपुर में 13.0 मिमी, पिपरिया में 16.2 मिमी, बनखेड़ी में 18.2 मिमी, पचमढ़ी में 28.0 एवं तहसील डोलरिया में 38.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिमी है।

## सीवरेज लाइन में काम करते मजदूर हुआ घायल



**नर्मदापूरम।** के हर्षित नगर में सोमवार शाम को सीवरेज लाइन डालते समय बड़ा हादसा हो गया। काम के दौरान ढाई फीट गहरे गड्ढे में मिट्टी धंस गई, जिससे पप्पू नाम का मजदूर फंस गया। वह करीब दो घंटे तक मिट्टी में दबा रहा। मौके पर मौजूद लोगों और जेसीबी मशीन की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाला गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। घटना शाम करीब 5:30 बजे की है। मजदूर पप्पू सीवरेज लाइन में उतरकर काम कर रहा था, तभी बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान मिट्टी धंसने से वह गड्ढे में दब गया।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुई एफआई रद्द करने कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ऑल इंडिया कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष रामू टेकाम जी के निर्देश पर मप्र खातेगांव खिवनी मे वनविभाग द्वारा आदिवासियो हुए अत्याचार के विरुद्ध मे एवं जीतू पटवारी अध्यक्ष मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी पर दर्ज फर्जी एफआईआर को निरस्त करने आदिवासी कांग्रेस ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर नर्मदापुरम को ज्ञापन सौपा। सोमवार को देवास जिले के खातेगांव ग्राम खिवनी में वन विभाग द्वारा 65 से 70 आदिवासी घरों को बारिश में तोड़कर बेदखल कर दिए गया एवं पचमढ़ी के समीप विस्थापन ग्राम रोरीघाट, कांजघाट,खामखेरी, मुआर, बदकाछार के ग्रामवासी को अपात्र घोषित कर विस्थापित कर दिया और अभी तक विस्थापन का पैसा नहीं मिला है, मध्य प्रदेश में लगातार हो रहे आदिवासियों के ऊपर हो रहे अत्याचार, शोषण के विरोध में आदिवासी कांग्रेस नर्मदापुरम द्वारा राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सोपा गया और आदिवासियों को न्याय दिलाने के लिए और पीड़ति परिवार को रहने की व्यवस्था और खाने का राशन प्रशासन उपलब्ध करवाये इसकी माँग की, ज्ञापन में मुख्य रूप से आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अतुल वाडिवा, आ. कांग्रेस प्रदेश महासचिव विजय कावरे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।



## नपा के उपयंत्री महेंद्र सिंह को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आपके द्वारा नगरपालिका के माध्यम से नागरिकों को दी गई सेवा नर्मदापुरम कभी नहीं भूल पाएगा। आपने अपने पदीय दायित्व के साथ जो भी जिम्मेदारी दी थी उसे बखूबी निभाया है। यह बात सोमवार को नपा के वरिष्ठ उपयंत्री महेंद्र सिंह तोमर के सेवानिवृत्ति समारोह के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहीं। उन्होंने श्री तोमर को सेवानिवृत्ति पर उन्होंने शुभकामनाएं दी तथा स्मृति चिह्न, साल श्रीफल से सम्मान किया। विदाई समारोह में नपा में विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, पार्षदगण और नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान संघ की जिला स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन, किसान हित में हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय किसान संघ की जिला बैठक स्थानिक कृषि उपज मंडी कार्यालय में प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेंद्र दोगने एवं संभागीय संगठन मंत्री दिनेश शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संगठन द्वारा किसानों के हित में निरंतर किए गए सकारात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही आगामी माह में प्रत्येक तहसील स्तर पर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयो का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाने बाबत योजना पर विस्तार से चर्चा हुई इसके साथ ही विगत माह में संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयो द्वारा अन संग्रह अभियान योजना के अंतर्गत संगठन को चलाएंमान रखने एवं आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु लिए गए दान राशि का भी हिसाब किताब प्रस्तुत किया गया। संगठन द्वारा जिले में खाद अनुपलब्धता और इसकी कालाबाजारी पर अपना विशेष रोष व्यक्त करते हुए संभागीय प्रशासन की कड़ी निंदा की।




बैठक में जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह राजपूत जिला मंत्री शंकर पटेल जिला उपाध्यक्ष लखन पटेल संजय लवंशी सह मंत्री रजत दुबे जिला प्रचार प्रमुख ललित चौहान के साथ ही संभागीय प्रचार प्रमुख उदय पांडे संभागीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश उपाध्याय प्रांत सदस्य जगदीश पाटील संभागीय सदस्य श्री राम दुबे बृजेश राजपूत बृजलोवंशी आदि मौजूद रहे।

## समेरिटंस स्कूल में स्टेम कार्यशाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सीबीएसई की योजना के अनुसार सोमवार को समेरिटंस स्कूल सांदीपनी परिसर में जिला स्टेम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विज्ञान अनुसंधान विषय पर शासकीय एसएनजी स्कूल के प्राचार्य संदीप शुक्ला, केंद्रीय विद्यालय के व्याख्याता राजेश वर्मा और व्याख्याता मनीष नारायण ने विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए। कार्यशाला में सीबीआई विद्यालयों के विज्ञान व्याख्याताओं ने सहभागिता की। कार्यशाला में विशेष रूप से डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, प्रभारी अधिकारी आरके रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

### नर्मदापुरम नगर में निकाली जा रही भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्राएं

## भगवान को मानने मंगलवार को आएंगी माता लक्ष्मी, विशाल भंडारा भी होगा, इस्कान आज निकालेगा भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी इस्कान मंदिर समिति द्वारा रथयात्रा निकाली जाएगी। समिति के प्रणवदास ने बताया कि इस वर्ष इस्कान मंदिर द्वारा तीन रथयात्रा निकाली जा रही है। वहीं 1 जुलाई को नर्मदापुरम में रथ यात्रा निकाली जाएगी जो विभिन्न मार्गों से होकर निकलेगी। इस दौरान श्री जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा मैया और सुदर्शन निकलेंगे भव्य रथ पर होके सवार दर्शन देने प्रजा को । जगन्नाथ रथ यात्रा अधिवास समारोह का आयोजन हुआ जिसमे शाम को मधुर भजन कीर्तन हुए ।

इस्कॉन नर्मदापुरम निकालेंगे विशाल रथ यात्रा श्री जगन्नाथ की जिसमे मधुर हरिनाम संकीर्तन, नृत्य , महाप्रसाद वितरण और रथ की रस्सी खीचना मुख्य बिंदु होंगे । 1 जुलाई दोपहर 3 बजे आईटीआई के राम मंदिर से यात्रा निकलेगी और पुरे नगर में जगन्नाथ जी को जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर सैकड़ों श्रद्धालु रस्सी से खीचकर रथ पर नगर भ्रमण करवाएँगे । भक्तों का उत्साह इतना है की बारिश में भी प्रचार प्रसार लगातार कर रहे है । मंदिर प्रबंधक श्री प्रणव दास जी ने बताया कि इस्कॉन इस बार इटारसी में और बुधनी में भी रथ यात्रा निकाल रहे हैं।




#### भगवान मालाखेड़ी स्थित गुंडीचा मंदिर स्वयंवरम गार्डन में नित्य दर्शन दे रहे हैं

भगवान जगन्नाथ रथयात्रा आयोजन कार्यक्रम के तहत भगवान चक्कर रोड मालाखेड़ी स्थित गुंडीचा मंदिर स्वयंवरम गार्डन में नित्य दर्शन दे रहे हैं। भगवान को मानने के लिए मंगलवार को माता लक्ष्मी भगवान को मानने के लिए गुंडीचा मंदिर आएंगी। इस दौरान स्वयंवरम गार्डन में दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा भी होगा। इस सम्बन्ध में जगन्नाथ मंदिर के ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा ने बताया कि भगवान यहां 4 जुलाई तक दर्शन देंगे। जबकि 5 जुलाई को प्रातः 9 बजे गाजे बजे के साथ यात्रा पुनः अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाडा पहुंचेगी।



#### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 41 जवान तैनात

**नर्मदापुरम।** जिले में वर्षा काल की स्थिति में अतिवृष्टि तथा नर्मदा घाटों एवं अन्य स्थानों पर जलस्तर में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने बाढ़ बचाव केंद्र स्थापित किए जाने के निर्देश दिए है। तत्संबंध में डिसट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड द्वारा जिले के बाढ प्रभावित क्षेत्रों में 07 बाढ बचाव केन्द्र स्थापित किये गये है साथ ही संचार व्यवस्था हेतु बाढ़ नियंत्रण केन्द्र गनेरा, एवं तवाडेम तवानगर में वायरलेस सेट स्थापित किये गये है। साथ ही बाढ की स्थिति से निपटने के लिये प्रभावित क्षेत्र उमरधा, सांडिया, सोहागपुर माखननगर, सांगाखेडा, पापनगांव, एवं सेठानीघाट में बाढ बचाव केन्द्र स्थापित किये गये है जिसमें 41 होमगार्ड जवान एवं 05 मोटर बोट विथ ओबीएम एवं मय बचाव उपकरण सहित तैनात किये गये है।

## खबर संक्षेप

### छत पर गए किशोर की करंट लगने से मौत


**बैतूल।** शहर के अर्जुन नगर क्षेत्र में सोमवार सुबह 16 वर्षीय बालक की 11 केवी हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान ओम खांडवे के रूप में हुई है, जो एक निजी स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था। जानकारी के मुताबिक, ओम सुबह अपने घर की छत पर गया था। छत से करीब 5-6 फीट ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइन से वह संपर्क में आ गया और करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों और मोहल्ले में गम और गुस्से का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग ने अगर समय रहते लाइन को ऊंचाई पर शिफ्ट किया होता, तो यह हादसा नहीं होता। उनका कहना है कि छत से इतनी नजदीक से हाई वोल्टेज लाइन गुजरना पूरे मोहल्ले के लिए खतरा बना हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। लोगों ने बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### मोतियाबिंद जांच परामर्श व ऑपरेशन शिविर आज

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन के तत्वावधान में विशाल मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन 1 जुलाई दिन मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आठनेर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेहरा में दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के प्रहलाद साहू गोपाल साहू ने बताया कि इस शिविर में मरीजों को आवास, परिवहन, भोजन , दवाइयां, चश्मा एवं आई ड्रॉप निशुल्क प्रदान किए जाएंगे। मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेहरा एवं आठनेर से बस द्वारा चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भोपाल ले जाया जाएगा एवं ऑपरेशन के पश्चात सभी मरीजोंको बस द्वारा इन्हीं स्थानों पर वापस लाया जाएगा।

### निर्माण के लिए 2447 ने किए आवेदन, 1135 ने ही बनाया हार्वेस्टिंग सिस्टम

# वॉटर हार्वेस्टिंग को लेकर नागरिक नहीं हैं जागरूक, व्यर्थ बह रहा बारिश का पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मानसून के सीजन में भी बैतूल नगरवासी एवं प्रशासन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर गंभीर नहीं है। यहीं वजह है कि बारिश का पानी सडक़ों पर व्यर्थ बह रहा हैं। और नगर का भू-जलस्तर दिनोंदिनघटते हीजा रहा है।

बारिश से पहले वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर यदि ध्यान दिया जाता, तो काफी हद तक भू-जलस्तर को बढ़ाने के लिए यह एक सार्थक पहल हो सकती थी। लेकिन नगरवासी एवं विभाग के जिम्मेदार भी रूचि नहीं दिखा रहे हैं। दरअसल शहर में बढ़ती आबादी के साथ-साथ आवासीय और व्यवसायिक निर्माण तेजी से हो रहा है। इन मकानों के लिए नगरपालिका से निर्माण की अनुमति लेते समय नागरिकों ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का वादा किया और धरोहर राशि भी जमा कराई, लेकिन अधिकांश लोगों ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया ही नहीं। नतीजा पानी बचाने की दिशा में काम नहीं होने से जल स्तर पिछले सालों के मुकाबले लगातार गिरता जा रहा है। वहीं नगर पालिका से इसका सख्क्ती से पालन न करवाने से लोग भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। बता दे कि बारिश व घरों से निकलने वाले पानी को एकत्रित करने के लिए भवन के आसपास एकसोखता गहरा गड्ढा किया जाता है। जिसमें घरों एवं भवनों की छतों से निकलने वाला बरसात का पानी तथा घरों से निकलने वाला पानी इस गड्ढे में पाइप के माध्यम से जमीन के अंदर पहुंचते है। इससे भूजल स्तर रिचार्ज होता है। इसके लिए नगरपालिका में शुल्क जमा करना होता है। यदि भवन मालिक हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनाता है तो नपा बनवाकर देती है, अन्यथा भवन मालिक द्वारा हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाये जाने पर राशि वापस मिलती है। किन्तु अधिकारियों की लापरवाही और लोगों में जागरूकता का अभाव होने से हार्वेस्टिंग सिस्टम केवल फाइलों में ही सीमित रह गया है।

#### 7 साल में 2447 आवेदन, 1135 ने बनाया सिस्टम

सरकार ने भवन निर्माण के साथ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जाने की अनिवार्यता कर रखी है। नियम है कि यदि भवन बनाने वाले ने स्वयं ही वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवा लिया है तो उसके द्वारा जमा की गई राशि नगरपालिका वापस करेगी। लेकिन हैरत की बात यह है कि वर्ष 2018 से वर्ष 2025 तक 2447 लोग भवन निर्माण की अनुमति तो ले ली, किन्तु इनमें से अभी तक 1135 लोगों ने ही अपने आवास में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया हैं। जबकि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के लिए सभी से एफडी जमा कराई गई है।

#### लगातार गिर रहा जिले का भूमि जलस्तर

शहर में ट्यूबवेल और अन्य स्त्रोतों के जरिए भूमि से दोहन किया जा रहा है, बदले में उतना पानी जमीन में नहीं पहुंच पा रहा है। इसी का परिणाम है कि जिले में भूजल स्तर लगातार गिरते जा रहा है और यदि यही हाल रहा तो आगामी समय में गंभीर पेयजल संकट की स्थिति से भी इंकार भी नहीं किया जा सकता है। अभी भी भू-जलस्तर के हालात कुछ ठीक नहीं। जिले का निरंतर जलस्तर गिरने से फरवरी-मार्च में ही कई हैंडपंप और ट्यूबवेल पानी छोड़ कर, हवा उगलने लगते है। ग्रामीण क्षेत्र की बात तो छोड़ ही दीजिए, बैतूल जिला मुख्यालय में अभी तक हार्वेस्टिंग सिस्टम को लागू करने के लिए नगरपालिका के अधिकारियों ने कोई सक्षत कदम नहीं उठाए हैं।

#### हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर खास अमल नहीं

साल दर साल शहर का क्षेत्रफल बढ़ रहा है। नई-नई कालोनियां और नये-नये भवनों का निर्माण हो रहा। वर्तमान में ही एक दर्जन से अधिक कालोनियों विकसित हो रही है। इन क्षेत्रों में सीमेंट सडक़े बन रही, लेकिन भूजल को बढ़ाने कोई काम नहीं हो रहा। केवल वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर ही अमल हो जाये तो गर्मी के दिनों में भी लोगों को पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। किन्तु हर साल की तरह इस साल भी रेन वाटर हावेस्टिंग सिस्टम को लेकर खास अमल नहीं हुआ। यदि नगरपालिका रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर जन जागरुकता के लिए काम करे तो बारिश के पानी को व्यर्थ बहने से रोका जा सकेगा।

#### वर्गमीटर के हिसाब से जमा होती है राशि

*भवन निर्माता को नगरपालिका से अनुमति लेते समय हार्वेस्टिंग सिस्टम की राशि वर्गमीटर के हिसाब से जमा करनी होती है। नगरपालिका सीएमओ सतीष मटसेनिया ने बताया कि 140 वर्गमीटर में भवन निर्माण के लिए वॉटर हार्वेस्टिंग का 10 हजार रूपये जमा करना होता है। वहीं 140 से 200 वर्गमीटर पर निर्माण के लिए 12 हजार और फिर इसी तरह निर्माण का क्षेत्रफल बढ़ने से अधिक जमीन पर निर्माण कराने पर राशि उसी अनुपात में जमा करना पड़ती है। यह राशि भवन निर्माता को उस वक्त वापस मिल जाती है, जब वह मकान में हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवा लेते है। जिसके बाद नपा यह राशि रिलीज कर देती है।*

#### ...तो पेनाल्टी लगाई जाएगी

*जिन भवन मालिकों ने हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनाया है, उनकी एफडी जब्त की जाएगी। इसके अलावा हमारे द्वारा जल्द ही नपा परिषद में प्रस्ताव पारित करके ऐसे मामलों में लगभग 10 हजार रूपये तक की अतिरिक्त पेनल्टी भी लगाई जायेगी। जिससे लोग वॉटर हार्वेस्टिंग के प्रति जागरूक हो। भवन निर्माण की अनुमति के साथ हार्वेस्टिंग सिस्टम को बनाना अनिवार्यता में भी शामिल किया जाएगा।*

*- **सतीश मटसेनिया**, सीएमओ, नपा बैतूल*

### मां शारदा समिति ने बेटियों के जन्म को बनाया उत्सव



**बैतूल।** जहां आज भी कई परिवारों में बेटी के जन्म पर मायूसी छा जाती है, वहीं मां शारदा सहायता समिति ने सेवा और सम्मान की एक ऐसी मिसाल पेश की, जिसने समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया। बेटियों के जन्म को ईश्वरीय उपहार मानते हुए संस्था ने उन्हें देवी स्वरूप मानकर चांदी के लॉकेट भेंट किए और माताओं का सम्मान किया गया। मां शारदा सहायता समिति ने सोमवार 30 जून को संस्था की नन्ही चेतना योजना और रक्तवीर प्रकाश बंजारे के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए गत तीन दिनों में जन्म लेने वाली 24 बेटियों को मां दुर्गा, मां सरस्वती और मां लक्ष्मी के प्रतिमा स्वरूप चांदी के लॉकेट भेंट किए गए। इस आयोजन में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भावना कवडक़र, डॉक्टर रूपल श्रीवास्तव, समाजसेवी संजय शुक्ला, पिंकी भाटिया, करण प्रजापति, शैलेंद्र बिहारिया, हिमांशु सोनी, निमिष मालवीय, डॉक्टर सागर बिंझाड़े, पंजाबराव गायकवाड़, श्रीमती हेमसिंग चौहान, प्रकाश मकोड़े, युवराज सिंह गौड़ और प्रवीण परिहार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जब माताओं को सम्मानित किया गया तो कई की आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने कहा कि बेटी के जन्म पर ऐसा मान-सम्मान मिलना एक नई सामाजिक सोच की शुरुआत है।

### चाकूबाजी कर दहशत फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** चाकूबाजी कर दहशत फैलाने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फरियादी धनंजय पिता जगदीश यादव निवासी दुर्गा वार्ड, गंज बैतूल ने 28 जून को थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 27 जून की रात्रि लगभग 11 बजे मोहल्ले के ही दीपक, रितिक एवं एक अपचारी बालक उसके घर के बाहर आए और पत्थरबाजी व गाली-गलौच करने लगे। फरियादी की माता के बाहर आने पर सभी आरोपी मौके से भाग गए। अगले दिन सुबह लगभग 9.30 बजे जब फरियादी अपने मित्र विनायक एवं रोबिन के साथ हनुमान मंदिर दर्शन के लिए गये थे, तो वहीं पास में स्थित रोहित के मकान पर आरोपी रितिक, दददु, शाहिल एवं एक अन्य अपचारी बालक बैठे मिले। फरियादी द्वारा पत्थरबाजी की घटना को लेकर पूछताछ करने पर चारों ने फिर से गाली-गलौच शुरू कर दी और रितिक ने जेब से चाकू निकालकर फरियादी पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे फरियादी को सिर, पीठ, कमर एवं जांघ पर गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए विनायक के साथ भी दददु एवं अपचारी बालक द्वारा मारपीट की गई। रिपोर्ट पर थाना गंज में विभिन्न धारा एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रितिक पिता अजाबराव बड़बुड़े, निवासी खंजनपुर, दीपक पिता ढोकू धुर्वे, निवासी दुर्गा मंदिर के पास, खंजनपुर और एक अपचारी बालक के विरुद्ध विधिसम्मत वैधानिक कार्रवाई की गई है। प्रकरण में एक अन्य आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। शीघ्र ही उन्हें भी हिरासत में लिया जाएगा।

### नाहिया से नांदपुर तक करोड़ों की सड़क का हुआ भूमिपूजन

# विभिन्न नागरिक संगठनों और कार्यकर्ताओं ने मनाया विधायक डॉ. पंडाग्रे का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

सोमवार को क्षेत्रीय विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के जन्मदिन पर नाहिया से नांदपुर तक बनने वाली 7 किमी सडक़ का भूमिपूजन किया गया। लगभग 9 करोड़ की लागत से बनने वाली इस सडक से दर्जनभर गांव लाभान्वित होंगे, तो आमला - मुलताई आदि शहरों के लिए भी यह मार्ग लोगों को सुगमता और आर्थिक लाभ होगा। ग्राम अंधरिया में इस मार्ग के भूमिपूजन के दौरान केंद्रीय मंत्री डीडी उइके, क्षेत्रीयं विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, भाजपा नेता प्रदीप ठाकुर, ओमप्रकाश मालवीय, गुणवंत सिंह चड्ढा, अशोक नागले, राजेश आहूजा, रामकिशोर देशमुख, राकेश शर्मा, संजय राठौर, ओमवती विश्वकर्मा, दीक्षा सूरजेकर, काशीबाई सुधीर अंबेडकर, रोमी बिलगाए, शैलू राठौर के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। गौरतलब है कि विधायक डॉ पंडाग्रे द्वारा बीते कुछ सालों में इलाके के लिए 35 से ज्यादा सडक़े बनवाई है, जो इलाके के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

**विधायक को कहा हैप्पी बर्थडे टू यू:** विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के सोमवार को जन्मदिन के अवसर पर यहां कार्यकर्ताओं ने एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन भी किया, यहां एक सार्वजनिक लॉन में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों ने एक साथ विधायक डॉ पंडाग्रे को हैप्पी बर्थडे कहा और उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने विधायक को एक विशाल फूलों की माला पहनाई।

#### रक्तदान शिविर का भी आयोजन



विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे के जन्मदिन के मौके पर कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर अपने चहेते विधायक को बतौर उपहार के रूप में शिविर में बडी मात्रा में रक्तदान कर विधायक के जन्मदिन को यादगार बनाया। इस दौरान लगभग 150 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भी रक्तदान किया है।

### जिले 1530 बूथों पर सुनी मन की बात

**बैतूल।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रतिमाह अंतिम रविवार को होने वाले मन की बात कार्यक्रम के 123 वें संस्करण के अंतर्गत जिले के 30 संगठनात्मक मंडलो के 1530 बूथो पर जिला पदाधिकारी , जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओ ने मन की बात कार्यक्रम सूना इसी कडी में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार एवं मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने मुलताई नगर के राजीव गांधी वार्ड के बूथ क्रमांक 122 पर मन की बात कार्यक्रम सुना। वही बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल व मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कोठीबाजार मंडल के बूथ क्रमांक 92 पर मून्ना सिंह रघुवंशी के निवास पर मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया। इसी तहर आमला विधायक डा.योगेश पंडाग्रे ने चंद्रशेखर वार्ड स्थित निवास पर मन की बात कार्यक्रम सुना। भैसदेही विधायक महेन्द्रसिंह चौहान ने संजीवनी हास्पिटल में अपने ईलाज के दौरान मोबाईल पर मन की बात सुनी।

# कुनबी समाज के विकास के लिए हर स्तर पर करेंगे सहयोग: विधायक

### शिवाजी परिसर गौठाना में मंगल भवन निर्माण का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज सेवा संगठन जिला बैतूल द्वारा शिवाजी परिसर गौठाना में रविवार 29 जून को मंगल भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री डीडी उइके रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, नगर पालिका परिषद बैतूल की अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, समाजसेवी डॉ. एनआर मानकर, वसंत वागद्रे, दिनेश माथनकर, संगठन के जिलाध्यक्ष यशवंत (मुन्ना) मानकर, कृष्णा वागद्रे, संजय लोखंडे, उज्जवल पांसे सहित समस्त जिला कार्यकारिणी उपस्थित रही।

मंगल भवन के लिए क्रय की गई भूमि में सहयोग देने वाले प्रमुख समाजसेवियों का संगठन द्वारा पुष्पमालाओं और श्रीफल से सम्मान किया गया। इनमें डॉ. एन.आर. मानकर, वसंत वागद्रे, दिनेश माथनकर, पंकज साबले और जिलाध्यक्ष यशवंत मुन्ना मानकर का विशेष उल्लेखनीय योगदान रहा। इस भूमि की क्रय प्रक्रिया संगठन के पूर्व अध्यक्ष मनोज धोटे के नेतृत्व में पूरी की गई थी, जिनका भी मंच पर अभिनंदन किया गया। विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज एक संगठित और प्रेरणादायक समाज है, जो लगातार सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहता है। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा मंगल भवन का निर्माण किया जाना एक दूरदर्शी पहल है, जो आने वाली पीढियों को एकजुटता, सहयोग और सुसंस्कारों का संदेश देगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि समाज के विकास के लिए वे हर स्तर पर सहयोग के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मंगल भवन सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन का केंद्र बनेगा, यह नई पीढ़ी के लिए एक प्रेरणास्त्रोत और मार्गदर्शन स्थल की भूमिका निभाएगा। विधायक ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए समाजजनों से आग्रह किया कि वे एकजुट होकर शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के क्षेत्र में आगे आएं।



### स्कूलों में विद्यार्थियों का शत प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराएं

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद स्तर पर पौध रोपण किया जाए: कलेक्ट सूर्यवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रम और समसामयिक मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी विभागीय योजनाओं में प्रगति लाएं और शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सभी बीएमओ को बाल मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर और एनीमिया के वास्तविक डाटा को अद्यतन करने और इनमें कमी लाने के लिए व्यवस्थित कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। सभी नायब तहसीलदार और पटवारियों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में सभी उद्यानिकी फसलों की आगामी 2 दिनों में गिरदावरी पूर्ण कराएं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को शत प्रतिशत विद्यार्थियों का नामांकन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें प्रवेश दिलाएं। इसी प्रकार शिक्षा और जनजाति कार्य विभाग द्वारा छात्रवृत्ति के प्रकरणों का भी शत प्रतिशत निराकरण किया जाए। कोई भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित न रहें। उन्होंने सभी विभागों को पदोन्नति नीति के तहत डीपीसी की बैठक कर कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिए जाने के भी निर्देश दिए।



**भीमपुर ब्लॉक की ग्रेवल सडक़ों की जांच के निर्देश:** कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने भीमपुर ब्लॉक में निर्मित ग्रेवल सडक़ की शिकायत की जांच करने के निर्देश एसडीएम भैंसदेही को दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराएं। उन्होंने हिट एंड रन के लंबित प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा कर राजस्व अधिकारियों की प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किए जाने के निर्देश दिए।

#### राजस्व प्रकरणों के निराकरण में जिला अग्रणी

बैठक में बताया गया कि आरसीएमएस में दर्ज राजस्व प्रकरणों के निराकरण में जिला प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हैं। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को इसी प्रकार प्रगति बनाएं रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भू अर्जन के प्रकरण और वन व्यवस्थापन के प्रकरणों का भी शीघ्रता से निराकरण कराएं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को वसूली में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# वायर चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

### 2.25 लाख का माल बरामद, स्कूटी की जब्त



**बैतूल।** चिचोली में कंस्ट्रक्शन साइट से वायर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से 1.35 लाख रुपए के 15 बंडल वायर और 90 हजार रुपए की काली स्कूटी बरामद की गई। कुल बरामदगी 2.25 लाख रुपये की है। फरियादी कृष्णमोहन मिश्रा ने बताया कि चिचोली में उत्कृष्ट छात्रावास का निर्माण कार्य चल रहा था। साइट पर निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि पवन विश्वकर्मा और नितिन विश्वकर्मा काली स्कूटी पर वायर के बंडल ले जा रहे थे। रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वे भाग निकले। जांच में पता चला कि कमरे का ताला टूटा था और करीब 30 बंडल वायर चोरी हो गए थे, जिनकी कीमत 1.40 लाख रुपए थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की। 33 वर्षीय पवन उर्फ प्रवीण विश्वकर्मा और 36 वर्षीय नितिन विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने पूछताछ में न केवल इस चोरी को स्वीकार किया, बल्कि बैतूल और आसपास के क्षेत्रों में की गई अन्य चोरियों को भी कबूला। थाना प्रभारी हरिओम पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

बैतुल बाज़ार संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, **अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार।** मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845

## सांसद विधायक ने किया भूमि पूजन

**पिपरिया।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बका में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा जो कार्य चलाए जा रहे हैं उसको लेकर भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक ठाकुरदास नागवंशी विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल महिला मोर्चा की महामंत्री ममता नागवंशी भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा प्रभारी नवनीत सिंह नागपाल ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल पवन वालिया ग्राम पंचायत की सरपंच ज्योति चुके जनपद सदस्य विनीता कमलाबाई हीरालाल रघुवंशी मटकुली जनपद सदस्य गीताबाई लोक निर्माण विभाग के एसडीओ उप यंत्री सहित भारतीय जनता पार्टी के तमाम संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगठन के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे दो सड़कों का 18 लाख रुपए की लागत से भूमि पूजन किया गया है जिनका निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## जल गंगा अभियान का हुआ समापन

**नर्मदापुरम।** स्थानीय जनपद पंचायत नर्मदापुरम में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम स्थानीय विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, राज्य सभा सांसद माया नारोलिया, सीईओ जिला पंचातय सोजान सिंह रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुधीर पटैल, जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे , जनपद सीईओ रंजीत ताराम की उपस्थिति में संपन्न हुआ ।

### सांसद, विधायक, कलेक्टर व सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को भी भेजेंगे आवेदन

# स्टेशन पर सुविधा बढ़ोतरी का डीआरएम को मांग पत्र भेजेगी जन कल्याण समिति

जन कल्याण समिति सोहागपुर के अध्यक्ष राम निरंजन जायसवाल ने बताया कि सोहागपुर में वर्षों से पैसेंजर ट्रेन बंद है व इस सुविधा की बहाली की मांग की जाएगी। वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को भी मांगपत्र भेजे जाएंगे






हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जन कल्याण समिति सोहागपुर नगर के रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाने का मांगपत्र जबलपुर रेल मंडल डीआरएम, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को भेजेगी। संभवतः मांगपत्र इसी सप्ताह भेजा जाएगा। वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को भी मांगपत्र भेजे जाएंगे।

हरिभूमि से चर्चा में जन कल्याण समिति सोहागपुर के अध्यक्ष राम निरंजन जायसवाल ने बताया कि सोहागपुर में वर्षों से पैसेंजर ट्रेन बंद है व इस सुविधा की बहाली की मांग की जाएगी। जायसवाल ने कहा कि जबलपुर से इटारसी की ओर सुबह 9:20 बजे प्रयागराज व इटारसी से जबलपुर की ओर सुबह 5:25 बजे मेमो ट्रेन है। इनके बाद कोई पैसेंजर ट्रेन नहीं है। इससे छोटे स्टेशनों की रेल यात्रा सुविधा यात्रियों के लिए नहीं है। समिति उपाध्यक्ष चेतेंद्र दीक्षित के अनुसार कटनी-भुसावल पैसेंजर ट्रेन सोनतलाई व गुर्रा स्टेशन पर एक से दो घंटे रोकने से यात्री परेशान होते हैं, अतः इसे दूर करने की मांग की जाएगी। जनता एक्सप्रेस 13202 डाउन का स्टॉपेज पूर्व समयानुसार प्रतिदिन दोपहर में करने की मांग भी की जाएगी। आवेदन पश्चिम मध्य रेल डीआरएम सहित क्षेत्रीय सांसद, सोहागपुर विधायक, नर्मदापुरम कलेक्टर, एसडीएम, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अधिकारियों को भी भेजे जाएंगे।

### ये मांगें भी होंगी शामिल

राम निरंजन जायसवाल ने बताया कि सोहागपुर रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म क्रमांक दो नीचा होने से वृद्ध व मरीज परेशान होते हैं, अतः इसकी ऊंचाई बढ़ाने, दोनों प्लेटफार्म पर डिस्प्ले बोर्ड लगाने, बीना व अमरकंटक एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज का समय बढ़ाने तथा दोनों प्लेटफार्म शेड्स की लंबाई बढ़ाने की भी मांग की जाएगी। नगर सोहागपुर में रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण की मांग भी की जाएगी।

### पर्यटन स्टेशन बनाना आवश्यक

समिति अध्यक्ष रामनिरंजन जायसवाल के अनुसार सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की विश्व प्रसिद्ध टूरिज्म जोन मढ़ई नगर सोहागपुर से 20 किलोमीटर दूर है। जहां हजारों पर्यटक प्रतिवर्ष आते हैं। अतः सोहागपुर में ताप्ती गंगा, ओवरनाइट, संघमित्रा व इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित बेंगलुरु सिटी एवं पुणे सिटी तक आने-जाने वाली ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग भी की जाएगी। मढ़ई आने वाले पर्यटक नर्मदापुरम्, पिपरिया व इटारसी रेलवे स्टेशनों तक आते-जाते हैं। जबकि मढ़ई का समीपस्थ रेलवे स्टेशन सोहागपुर है। मढ़ई का लाभ सोहागपुर की जनता को बड़ी ट्रेनों के स्टॉपेज पर ही मिलेगा। इसके लिए सांसदों व विधायकों से मांग की जाएगी। क्योंकि जनप्रतिनिधि ही इस सुविधा प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# अवैध वेंडरों पर जारी है आरपीएफ की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेल सुरक्षा बल इटारसी द्वारा अनधिकृत वेंडरों के विरुद्ध कार्यवाही को लगातार जारी रखते हुए पिछले दो दिनों में स्टेशन एवं आउटर आने जाने वाली गाड़ियों, पेंट्रीकार में रेलवे नियमों के विरुद्ध विक्रय करने वाले वेंडरों तथा अनाधिकृत वेंडरों पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए 80 वेंडरों पर मामले दर्ज किए।

इस दौरान 8 महिलाएं ट्रेनों में गाना गाकर भिक्षावृत्ति करते हुए तथा यात्रियों से पैसा वसूलते पाई गई उन पर मामला दर्ज किया गया। साथ ही रेल नियमों के उल्लंघन करने वालों पर विभिन्न रेल अधिनियमों के अंतर्गत कार्यवाही की गई।

इटारसी स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल, रेलवे के अन्य अधिकारियों स्टेशन प्रबंधक, स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य, मंडल वाणिज्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक, टिकट चेकिंग स्टाफ के साथ संयुक्त रूप से चेकिंग की गई। प्रत्येक स्टॉल को चेक किया एवं अनियमितता पाए जाने पर आर्थिक जुर्माना लगाया गया तथा रसीद काटी गई। आने जाने वाली गाड़ियों के पैंटीकार चेक किए गए। विभिन्न गाड़ियों की पैंटीकार में अनऑथराइज्ड पानी की 22 नग पेटी को जप्त किया गया तथा एलपीओ में जमा कराया।

इटारसी स्टेशन पर अवैध वेंडरों ,रेलवे के नियम विरुद्ध तरीके से विक्रय करने वालों , किन्नरों, ट्रेनों में भिक्षावृत्ति करने वाली महिलाओं, चेनपुलिंग करने वालों तथा रेलवे के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी है।

## बीआरसी कार्यालय प्रांगण में किया पौधरोपण



**सोहागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' के अंतर्गत देश में वृहद स्तर पर नागरिक पौधे रोप रहे हैं। इस कड़ी में गत दिवस सोहागपुर बीआरसी कार्यालय प्रांगण में भी पौधारोपण किया गया है। कार्यक्रम में सोहागपुर जपं उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी एवं समाजसेवी प्रतिपाल सिंह खनूजा द्वारा पौधे रोपे गए। ब्लॉक एसीपी नोडल अधिकारी आरएस रघुवंशी ने बताया कि सभी पौधे नगर के समाजसेवी प्रतिपाल सिंह खनूजा द्वारा उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर पोहप सिंह अहिरवाल, आरएस रघुवंशी, जितेंद्र बैरागी एवं स्टाफ कर्मी उपस्थित रहे तथा सभी ने पौधरोपण में सहयोग किया।

# लाखों वर्षों में एकत्र हुए जल को मिनिटों में बहाना स्वयं से धोखा है: सीईओ अग्रवाल

### जल गंगा संवर्धन अभियान का जनपद पंचायत सभागार में हुआ समापन कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

लाखों वर्षों में भूमि के अंदर की परतों में बने जल को मिनिटों में बहा देना मनुष्य का स्वयं के साथ धोखा है। उक्त बात सोहागपुर जपं सीईओ एसके अग्रवाल ने सोमवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर कही। कार्यक्रम जपं सोहागपुर के सभागार में किया गया।

जपं अधिकारियों व कर्मचारियों ने बताया कि 30 मार्च से 30 जून 2025 तक मप्र सरकार के जल गंगा संवर्धन अभियान में जल स्त्रोतों के संरक्षण का कार्य किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में कूप रिचार्ज स्ट्रक्चर्स व खेत तालाब योजना पर कार्य किया गया। लाखों रुपए व्ययकर अभियान के अंतर्गत 'गांव का जल गांव में' अभियान को सफल बनाने के प्रयास किए गए। सोमवार को अभियान का समापन किया गया, जिसमें जपं सोहागपुर अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्विनी सरोज, भाजपा नेता मिथिलेश ठाकुर, सहायक यंत्री सुनीता वर्मा, उपयंत्री राहुल तिवारी व जितेंद्र तिवारी, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर स्वदेश प्रजापति, जीएस मेहरा, एसएडीओ सुनील बर्डे, मप्र जन अभियान परिषद से केके कड़ोले, गजेंद्र सिंह ठाकुर व कमल किरार सहित सचिव, जीआरएस तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओन ने सहभागिता की।

एक ओर तो अतिथि व अधिकारी पर्यावरण संरक्षण परर चिंतायुक्त उद्बोधन दे रहे थे। वहीं जपंकर्मी समापन कार्यक्रम में शामिल होने आए उपस्थित आगंतुकों को प्लास्टिक की बोतलों में पानी दे रहे थे। अतिथि कह रहे थे कि प्लास्टिक एवं पॉलीथिन पर्यावरण के लिए खतरा हैं व जल प्रदूषण का भी स्त्रोत हैं। और इधर उद्बोधन दौरान ही प्लास्टिक की बोतल में बंद पानी का वितरित किया जाना स्थिति को हास्यापद कम, लेकिन चिंताजनक अधिक बना रहा था। आगंतुक कह रहे थे कि प्लास्टिक तथा पॉलिथीन पर प्रतिबंध की बात सभी की कथनी में होती है, करनी में नहीं। कथनी और करनी का यही अंतर पर्यावरण प्रदूषण का कारण है।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी पर प्रकरण वापस लेने की हुई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



जिला युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र गोयल ने जीतू पटवारी पर झूठी दायर एफआईआर रद्द करने की मांग की है गोयल ने बताया। गरीबों की आवाज उठाने पर शासन द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर रिपोर्ट दर्ज की गई है बीते दिन मुंगावली थाने में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के ऊपर प्रकरण दर्ज किया गया। यह प्रकरण मुंगावली थाना आईटी जोगेंद्र यादव द्वारा स्वसंज्ञान ले कर दर्ज किया गया। जो कि सत्ता के दबाव में प्रतीत होता है। जीतू पटवारी द्वारा अशोकनगर के एक गरीब व्यक्ति जिसकी सुनवाई नहीं हो रही थी उसका मुद्दा उठाया था और जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाला था गोयल का कहना है कि पुलिस प्रशासन द्वारा अपनी लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैया को छुपाने के लिए उक्त प्रकरण को राजनैतिक दबाव में दर्ज किया गया है। गरीब की सुनवाई न होना और विपक्ष के नेताओं पर द्वारा मुद्दा उठाए जाने पर झूठी एफआईआर करना लोकतंत्र की हत्या के समान है जिसकी घोर निंदा करता हूं। जबकि यह मामला पहले ही स्थानीय मीडिया ने उठाया था जनसुनवाई के दिन फरियादी ने स्वयं पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास भी किया गया था।

## सहायक शिक्षिका सेवा-निवृत्ति पर हुआ आयोजन



**पिपरिया।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथवास में पदस्थ रही निर्मला दुबे सहायक शिक्षिका जिनकी 41 वर्षकी सेवा पूर्ण होने पर ब्रह्माकुमारीआश्रम आश्रम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्राह्मणसमाज बड़ीसंख्या में उपस्थिति रही समाज के लोगों के द्वारा तथा विद्यालय के सभीसिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा स्वागतसम्मान किया गया। सभीसामाजिक लोगों के दारा शाल श्रीफल एवं अनेक उपहार के साथ विदाईदी गई इस दौरान उनके परिवारजन उपस्थित रहे रिया गोविंसमरथ सात्विक दुबे परिवार के द्वारा इसनेहभोज का आयोजन किया गया ।

# सीईओ का हुआ तबादला नाम आंखों से दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जपं कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ रही सुमन खातर कर जो की लगातार 15 माह से पिपरिया में पदस्थिति अचानक उनका तबादला नर्मदा पुरम जिले के ही केसला विकासखंड में हुआ है तबादला होने के बाद विदाई का कार्यक्रम जनपद पंचायत कार्यालय के द्वारा आयोजित किया गया। जनपद अध्यक्ष संध्या सिंघाड़े उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल एवं लेखपाल आर एल सिंह मधु तिवारी शैलेश भदोरिया सहित सभी ग्राम पंचायत के सचिव सभी ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक पंचायत समन्वयक अधिकारी वीडियो अधिकारी सहित जनपद पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों की उपस्थिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी का गुलदस्ते के साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सभी सचिव रोजगार सहायक एवं स्टाफ के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

शाल श्रीफल के साथ सम्मानित करते हुए एक उन्हें छायाचित्र भगवान का भेंट किया गया उनके कार्यकाल को सभी भक्तों के द्वारा काफी सराहनीय बताया जिसमें जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ने कहा कि मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री निशुल्क कन्या विवाह में पिपरिया जनपद दूसरे नंबर पर रहा वह मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कार्यकाल का ही कमल रहा है।

इसी तरह से अनेक उपलब्धियां बनाई गई सभी लोगों ने कहा कि उनके 15 माह के कार्यकाल में सबसे अधिक कार्य हुए हैं और किसी भी अधिकारी कर्मचारी पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई यह एक सबसे बड़ी उपलब्धि रही है। अंत में जनपद कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि उन्हें ऐसा जनपद कार्यालय भी पहली बार मिला है जहां पर इतना इसने प्यार सम्मान मान सम्मान मिला इसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जिला हॉकी संघ की कार्यकारिणी भंग, कार्यकाल पूर्ण, होंगे चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला हॉकी संघ की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद आज रविवार को फ्रेन्ड्स स्कूल में हुई बैठक में कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। नयी कार्यकारिणी के चुनाव होने तक कन्हैया गुरयानी को कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। आज संघ के सदस्यों ने सर्वसम्मति से वर्तमान कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए करतल ध्वनि से सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। दोपहर में बैठक से पूर्व वर्तमान कार्यकाल पर चर्चा हुई, सभी ने कार्यकारिणी के सफल कार्यकाल पर बधाई दी। निवृतमान अध्यक्ष प्रशांत जैन ने कहा कि चार वर्ष का कार्यकाल बिना किसी विवाद के सभी के सहयोग से सफल रहा। उन्होंने कार्यकाल में सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद दिया। निवृतमान कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंघ सैनी ने नवीन कार्यकारिणी के गठन होने तक कन्हैया गुरयानी का नाम कार्यकारी अध्यक्ष के लिए प्रस्तावित किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस अवसर पर प्रशांत जैन, शिरीष कोठारी, राजेन्द्र तोमर, साजिद मलिक, अखिल दुबे, हिमांशु अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# वेयरहाउस संगठन ने की बैठक, मूंग खरीदी नीति से जताई असहमति



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

वेयरहाउस संगठन ने विधायक विजयपाल सिंह के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शासन की मूंग खरीदी की दमनकारी नीति के विरुद्ध अपना विरोध जताया और मूंग खरीदी करने से मैं अपनी असहमति जताई वेयरहाउस संगठन पदाधिकारी का कहना है जो नियम निर्देश है विशेष रूप से 10 कंडिकाओ में से कंडिका 4,5,6, मैं जो शर्तें है उनसे हम सहमत नहीं है मध्य प्रदेश वेयरहाउस लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन मैं जो नियम निर्देश जारी किए हैं। गोदाम स्तरीय भंडारण स्थल पर एवं गोदाम स्तर से परिवहन होकर आने वाले उपार्जित स्कंध के गोदाम स्थल पर गुणवत्ता परीक्षण राष्ट्रीय उपार्जन एजेंसी के सर्वेयर द्वारा की जाएगी इसके उपरांत भी गुणवत्ता परीक्षण का दायित्व गोदाम संचालक एवं भंडारण एजेंसी का रहेगा इस पर वेयरहाउस संगठन के संरक्षक का कहना है सर्वेयर अस्थाई होता वह कैसे गुणवत्ता परीक्षण कर सकता है। इस दौरान वेयरहाउस एसोसिएशन अध्यक्ष आशीष बंटी साहू, कुलदीप राजपूत, विज्ञान डेरिया, मनोज पारासर, सतीश साहू, आसिफ, अभिनव, जीवन मीना आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ शिक्षक मालवीय को दी भावभीनि विदाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. मनोहर लाल मालवीय के सुपुत्र एवं शासकीय मिडिल स्कूल ग्राम सोनासावरी के वरिष्ठ शिक्षक अशोक मालवीय का विदाई समारोह शासकीय मिडिल स्कूल सोनासावरी मे मनाया गया। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि डीपीसी राजेश जायसवाल थे। इस अवसर पर सुषमा मलैया सरपंच ग्राम पंचायत सोनासावरी विपिन जोशी स्मारक समिति के संस्थापक संरक्षक प्रमोद पगारे, सतीश खलगो, प्राचार्य शा कन्या उ.मा. विद्यालय, इटारसी विजय चौरे विधायक प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर डीपीसी राजेश जायसवाल ने संबोधित करते हुये कहा कि हमारे शिक्षा विभाग एक कोहिनूर 39 साल की सेवा करके सेवा से विदाई ले रहे है।

### सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायत बेअसर

# सोहागपुर में हाईवे पर जमा हो रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर में गौतम वार्ड के समीप स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण के लिए गत वर्ष कायाकल्प रोड बनाई गई थी। पुरानी कायाकल्प रोड पर दो सप्ताह पूर्व हुई बरसात का गंदा पानी अब तक जमा है। जिससे नागरिकों को परेशानी हो रही है। यहां तक कि सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत की बेअसर साबित हुई है। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने वाले व्यापारी देवेंद्र कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने 19 जून को 2025 को 181 नंबर पर शिकायत की थी।

शिकायत में उल्लेख था कि स्टेट हाईवे से जोड़कर बनाई गई सड़क पर पर गंदा पानी जमा है। जिससे होकर नागरिकों को आना जाना पड़ता है। समीप ही मंदिर स्थित है, जहां श्रद्धालु गंदे पानी से आने जाने को विवश हैं। वही गंदा पानी जमा होने से रोगों के प्रसार की संभावना है।

लेकिन इसके बाद भी नगर परिषद अथवा स्थानीय प्रशासन की ओर से सुधार के प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। ना तो रोड दुरुस्त की जा रही है, ना पानी निकासी की व्यवस्था बनाई जा रही है। नागरिकों के अनुसार मप्र सरकार की सीएम हेल्पलाइन योजना में समस्या निराकरण की व्यवस्था ठीक उसी तरह निरर्थक साबित हो रही है, जैसे कि नप सोहागपुर की कार्य प्रक्रिया है।

# आरपीएफ ने सुपुर्द किए भटके बुजुर्ग और बालक



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे सुरक्षा बल इटारसी के प्रयासों से ऑपरेशन चाईल्ड रेस्क्यु के अंतर्गत 28 जून को गलत गाड़ी में बैठकर आए 11 वर्षीय बालक के इटारसी रेलवे स्टेशन पर डरी सहमी हालत में घूमते हुए दिखाई देने पर उसे पोस्ट पर लाया गया तथा उसकी मां को सूचित कर बुलाकर उनके सुपुर्द किया गया। साथ ही ऑपरेशन डिग्निटी के तहत 28 जून को 60 वर्षीय मुम्बई निवासी वृद्ध के ट्रेन नं.12168 में बनारस से मुंबई की यात्रा के दौरान गलती से इटारसी स्टेशन उतर जाने से अपने परिवार से बिछड़ने की सूचना पर उनके प्राप्त फोटो के आधार पर स्टेशन एरिया सर्च किया एवं सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। स्टाफ के अथक प्रयासों से आखिरकार वृद्ध को तलाश करने में सफलता प्राप्त हुई, बाद उसके पुत्र को थाने पर बुलाकर सुपुर्द कर अपनी कर्तव्य परायणता का उदाहरण पेश किया।

## खबर संक्षेप

### गोवंश व अन्य पशुओं को सड़कों पर निराश्रित न छोड़ें

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सड़कों एवं रास्तों पर आवारा मवेशियों के विचरण करने से आवागमन अवरुद्ध होता है, साथ ही दुर्घटना का भय भी बना रहता है। इस संबंध मुनादी के माध्यम से गौपालकों को सूचित करें। यदि इसके बाद भी पशुपालकों द्वारा मवेशियों को सड़कों पर छोड़ा जाता है, तो ऐसे निराश्रित मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में बंद किया जाए और इसके बाद गोशाला भेजने की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर जैन ने पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश व पशुओं को सड़कों पर निराश्रित न छोड़े। इससे आवागमन अवरूद्ध होता है तथा दुर्घटना का भय बना रहता है। यदि सड़कों पर निराश्रित मवेशी विचरण करते पाये जाते है तो नगर पालिका द्वारा मवेशियों को कांजीहाउस में बंद कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### 1 अक्टूबर तक रेत खनन प्रतिबंधित

**हरदा।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग नागपुर द्वारा मानसून सत्र की अवधि 15 जून से 1 अक्टूबर निर्धारित की गई है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने संचालक भौमिकी एवं खनिकर्म भोपाल के निर्देश अनुसार जिले में मानसून सत्र की अवधि 30 जून मध्य रात्रि से 1 अक्टूबर 2025 तक जिले के सभी नदी एवं नालों से रेत खानन पूर्णतः प्रतिबंधित किया है।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 51 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 51 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 25.9 मि.मी., टिमरनी में 79.2 मि.मी., खिरकिया में 48.4 मि.मी., सिराली में 62.6 मि.मी. तथा रहटगांव में 39 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 243 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 197.9 मि.मी., टिमरनी में 313.6 मि.मी., खिरकिया में 326 मि.मी., सिराली में 239 तथा रहटगांव में 138.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 30 जून तक 109.5 मिमी औसत वर्षा हो चुकी थी।

### असाक्षरों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया

**रहटगांव।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत ब्लाक सह समन्वयक साक्षरता मुकेश मालवीय द्वारा ग्राम खिडकीवाला में असाक्षरों से सम्पर्क करके उन्हें सामाजिक चेतना के अक्षर साथी के माध्यम से पढ़ाया जाने हेतु प्रेरित किया गया। ग्राम का कोई भी पढ़ा लिखा व्यक्ति अक्षर साथी बन सकता है। इस कार्यक्रम से लाड़ली बहनों को हस्ताक्षर एवं पढ़ना सिखाया जा रहा है अब उन्हें बैंकों में अगुठा नही लगाना पढेगा। वे स्वयं ही हस्ताक्षर करना सीख रही हैं।आगामी परीक्षा माह सितम्बर 2025 में आयोजित की जाऐगी।

### सुल्तानपुर से संबंधित फीडरों में विद्युत प्रदाय बंद रहेगा

**हरदा।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी द्वारा 132 के.व्ही. उपकेन्द्र हंडिया में अति आवश्यक सुधार कार्य के कारण 1 जुलाई को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक 132 के.व्ही. सुल्तानपुर से निकलने वाले 33 के.व्ही. फीडरों में विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। उप महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी हरदा ने बताया कि इस दौरान 33 के.व्ही. फीडर गहाल-मगरधा से जुड़े 33/11 केव्ही उपकेन्द्र गहाल, झाड़पा व मगरधा, 33 के.व्ही. फीडर मुहालकला से जुड़े उपकेन्द्र मुहालकला व खरड़, 33 के.व्ही फीडर सिराली से जुड़े सिराली व सोनपुरा उपकेन्द्र तथा रहटाकला से जुड़े मंडीसेल व रहटाकला उपकेन्द्र में विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

### कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर** । कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी।

---

### जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# अपने अधिकारों की लड़ाई में पटवारी फिर मैदान में, सरकार को दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

राजस्व व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले पटवारियों ने एक बार फिर अपने अधिकारों की लड़ाई तेज कर दी है। श्रेष्ठ कार्यों से प्रदेश को कई बार राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाले इन कर्मचारियों ने अब सीधा मोर्चा खोलते हुए प्रांतीय आव्हान पर मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर संजीव नागू को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने लंबित स्थानांतरण, वेतनमान, पदोन्नति, स्वामित्व योजना की राशि सहित 20 से अधिक बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। मांगों का समाधान नहीं हुआ तो प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी दी है। उक्त जानकारी देते हुए पटवारी संघ के उपप्रांताध्यक्ष राजीव जैन एवं जिलाध्यक अनुराग करोलिया ने बताया कि सोमवार को मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र बाघेल के निर्देश में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया। इस ज्ञापन में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे अपने उत्कृष्ट कार्यों से प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिला चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद आज भी उनके साथ अन्याय हो रहा है। राजीव जैन ने बताया कि प्रदेश में पटवारियों के साथ लगातार शोषण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भू-अभिलेख का डिजिटाइजेशन हो या प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन झ हर स्तर पर पटवारियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। लेकिन इसके विपरीत वेतनमान, स्थानांतरण, पदोन्नति और अधिकारों के मामले में उनका लगातार शोषण किया गया है।

#### ज्ञापन में ये हैं प्रमुख मांग

ज्ञापन में प्रदेश में हाल ही में हुए अंतरजिला संविलयन स्थानांतरण में पात्र पटवारियों को वंचित किए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। बताया गया कि पति-पत्नी दोनों पटवारी होने के बावजूद एक जिले में पदस्थापना का लाभ नहीं दिया गया। गंभीर बीमारी से ग्रसित, वैवाहिक स्थिति से प्रभावित या म्यूचुअल ट्रांसफर के योग्य होने के बावजूद सैकड़ों पटवारी नजरअंदाज किए गए। जबकि 1200 पात्रों के स्थानांतरण की उम्मीद थी, पर सिर्फ 509 को ही स्थानांतरित किया गया। इसके अलावा गृह तहसील को आधार बनाकर पटवारी संघ के मान्यता प्राप्त पदाधिकारियों को नियमविरुद्ध प्रताड़ति किया गया, जिसकी निंदा करते हुए इन्हें निरस्त करने की मांग की गई। ज्ञापन में समान कार्य के लिए समान वेतन की बात भी कही गई। बताया गया कि 27 वर्षों से पटवारियों के वेतनमान में कोई उन्नयन नहीं हुआ, जबकि राजस्व विभाग के अन्य पदों पर यह प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। स्नातक एवं सीपीसीटी योग्यता होने के बावजूद पटवारियों को पे ग्रेड 2800 (ढं८ ॠृर्शी 2800) का लाभ नहीं दिया गया, न ही कैडर रिव्यू लागू किया गया। पटवारियों की पदोन्नति की प्रक्रिया भी ठप है, जबकि अन्य सभी विभागों में प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 6 वर्षों से नायब तहसीलदार पद की विभागीय परीक्षा भी आयोजित नहीं की गई, जिससे उन्हें लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है। गोपनीय चरित्रावली न लिखे जाने के कारण हजारों पटवारियों को समयमान वेतन और पदोन्नति लाभ से वंचित किया जा रहा है।

#### अतिरिक्त वेतन देने की मांग

शनिवार-रविवार को भी काम लेने पर अतिरिक्त वेतन देने की मांग की गई। स्वामित्व योजना के सफल क्रियान्वयन के बावजूद मानदेय का भुगतान नहीं होना, साइबर तहसील भोपाल द्वारा ऑनलाइन नामांतरण निपटान में लापरवाही और सतना जिले में पटवारियों का नियमविरुद्ध जिले से बाहर तबादला जैसे गंभीर मुद्दों को भी ज्ञापन में शामिल किया गया है। ज्ञापन में जिले भर के पटवारी उपस्थित रहे । प्रमुख रूप से सुनील शर्मा, लादूराम धुर्वे, संदीप सोनी, संतोष गौर, उदय उईके, राजनारायण बट्टी, जितेन्द्र ओनकर, किरण मिश्रा, मिताली ठाकुर, मनीष कुशवाहा, पवन बांके, दिनेश ठाकुर, ब्रजेश चौबे, अमीत दुबे, प्रहलाद बैरागी आदि थे।

---

### बैरागढ़ गांव के पास हादसा

## बस ने बाइक सवारों को टक्कर मारी, एक की मौत, दूसरा गंभीर





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बैरागढ़ गांव के पास सोमवार को एक सड़क हादसा हो गया। जम्भ शक्ति बस ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, खिरकिया के भवानी मंदिर के पास रहने वाला राजेश उर्फ राजू (32) पिता भारत मोहे और मनोज (21) पिता भरोसा खंडेल निवासी नहालखेड़ा, बाइक से डॉक्टर से इलाज कराकर दयोदय गोशाला लौट रहे थे। इस दौरान मगरधा रोड पर पीछे से आ रही जम्भ शक्ति बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। एक की मौके पर मौत, एक का इलाज जारी हादसे में राजेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है। हादसे के बाद घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई थी। बस चालक मौके से फरार हो गया। दोनों गौशाला में सेवा करते थे बताया गया है कि राजेश और मनोज करीब दो साल से दयोदय गौशाला में अस्थायी कर्मचारी के रूप में सेवा कर रहे थे। राजेश के पैर में चप्पल काटने से घाव हो गया था, जिसका इलाज कराने वह डॉक्टर के पास गया था। लौटते समय यह हादसा हो गया। पुलिस ने शव को मर्चुरी में रखवाया है। परिजनों के आने पर पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### अभिनंदन पत्र भेंट किया गया

## नार्मदीय ब्राह्मण समाज मंदिर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी का खरगोन में सम्मान



**हरदा।** खरगोन में मां रेवा न्यास द्वारा आयोजित वार्षिक साधारण सभा सम्मेलन में नार्मदीय ब्राह्मण समाज के मुख्य ट्रस्टी अशोक पाराशर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कहा कि आयोजनों के माध्यम से एक दूसरे से मेल जोल का अवसर मिलता है। इस दौरान न्यास द्वारा उन्हें अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में डॉ पीएस भालके की स्मृति में स्वास्थ्य एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि बालीपुर धाम के संत योगेश महाराज ने रेवा न्यास परिसर में निर्मित भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विराज भालके ने की। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक लोगों का भी सम्मान हुआ।

### बारिश को लेकर सतर्कता

## होमगार्ड व एसडीआरएफ की टीम ने घाट व पुल का किया निरीक्षण




**हरदा।** वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी पुल पुलियाओं व घाटों पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिये है। साथ ही होमगार्ड व एसडीआरएफ की टीम को लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिये है। डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमाण्डेंट मयंक जैन ने बताया कि होमगार्ड व एसडीआरएफ के रस्क्यू दल ने सोमवार को खेड़ीपुरा नाका, अजनल नदी, गुप्तेशर मंदिर, छोटा पुल, दोगने जी की पुलिया तथा रन्हाई पुलिया का निरीक्षण किया। उन्होने बताया कि जिले में लगातार बारिश को ध्यान में रखते हुए होमगार्ड व एसडीआरएफ की टीम को अलर्ट पर रखा गया है।

### परिसर का निरीक्षण किया

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कॉलेज में कलेक्टर ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को हरदा के आदर्श महाविद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होने इस दौरान महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कर रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निरीक्षण किया। उन्होने इस दौरान उन्होने जल गंगा संवर्धन अभियान के तालाब का अवलोकन कर सराहना की। उन्होने इस दौरान महाविद्यालय परिसर में खेल परिसर विकसित करने हेतु सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि गत वर्ष भी एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत महाविद्यालयीन स्टाफ द्वारा स्वयं के व्यय पर लगभग 700 पौधों का रोपण किया गया था।

---

### दो पाटों में पिस रहे दूरभाष उपभोक्ता, जिओ, एयरटेल और बीएसएनएल नेटवर्क में व्यवधान से त्रस्त हो चुके

# मार्ग निर्माण के दौरान फाइबर-केबल हो रहे क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या




इन दिनों दूरसंचार कंपनियों के उपभोक्ता,दो पाटों के बीच में पीस रहें हैं। इनमें जिओ, एयरटेल और बीएसएनएल नेटवर्क में निरंतर-व्यवधान से उपभोक्ता त्रस्त हो चुके हैं। भीकनगांव-झिरन्या मार्ग उन्नयन कर रही जेसीबी मशीनें भूमिगत फाइबर-केबल को निरंतर क्षतिग्रस्त कर रही है। वहीं,कंपनी-कर्मी भी दूरभाष सेवायें जारी रखने के प्रयास में जुटे हुए हैं। वहीं,विभाग द्वारा रु.20 लाख की अमानत राशि लेकर अनुमति देने पर सवाल उठ रहें हैं।

पिछले कुछ महीनों से निर्माणाधीन झिरन्या-दामखेडा फाटा और चैनपुर मार्ग ऐसे हालात देखने को मिल रहें हैं। वहां आये दिन उखड़ी हुई केबल और उनके बिखरे टुकड़ों को समेटते हुए कर्मी दिखाई दे जाते हैं। बीएसएनएल का नेटवर्क आये दिन बंद रहता है,जिससे कुछ माह पूर्व शुरू की गई फोर-जी सेवाओं के लाभ से उपभोक्ताओं वंचित है। शुक्रवार से सेवायें बंद है और खरगोन की टीम केबल-मरम्मत कर रही है। कमोबेश,ऐसे की हालात एयरटेल कंपनी के भी हैं,जिन्होंने अभी हाल ही में नवीन भूमिगत फाइबर-केबल बिछाई है,लेकिन सेवाएँ अस्त-व्यस्त हैं। इसकी तकनीकी टीम के सतीश प्रभारी के मार्गदर्शन निरंतर कार्य किया जा रहा है। जबकि जिओ-केबल सड़क के मध्य में हैं,जिससे उनकी सेवाओं में भी बार-बार व्यधान आ रहा है। बीएसएनएल सहायक यंत्री अमित श्रीवास्तव की पीड़ा यह है कि केबल के टुकड़ों को जेसीबी मशीनें दूर-दूर तक फेंक देती हैं,जिन्हें ढूंढ़ना मुश्किल होता है और हमें जैसे ही सूचना मिलती है,खरगोन से टीम भेजते हैं। इसी तरह एयरटेल कंपनी के ठेकेदार प्रभात मिश्रा का कहना है कि दूरभाष सेवाएँ बार-बार बाधित होती है तो हम टूटे केबल जोड़ने के अलावा क्या कर सकते हैं? इसलिये तकनीकी टीम को सदैव सतर्क रखते हैं और केबल बचाने की कोशिश करते हैं। कमोबेश, यही बात जिओ कंपनी खरगोन के हेड संजय सोलंकी ने भी कही है। उन्होंने बताया कि जब से सड़क निर्माण शुरू हुआ है,यह क्रम निरंतर जारी है।

#### क्या एयरटेल कंपनी को अमानत-राशि वापस मिलेगी

लोक निर्माण विभाग ने सड़क-मरम्मत के एवज में रू.20 लाख की अमानत राशि लेकर सशर्त-अनुमति दी थी। लेकिन प्रस्तावित मार्ग-उन्नयन के मद्देनजर कंपनी को पटरियों पर केबल बिछाने से नहीं रोका गया। जिससे कंपनी को दोहरी-आर्थिक क्षति पहुँच रही है और अमानत राशि से कोई मरम्मत-कार्य नहीं किये गए हैं। इन हालातों में क्या एयरटेल कंपनी को अमानत-राशि वापस मिलेगी? बताया जाता है कि भीकनगांव-झिन्या मार्ग सहित पहाड़ी अंचलों तक एयरटेल-नेटवर्क फैला हुआ है और कंपनी ने नवीन-केबल बिछाने में करोड़ों रुपये व्यय किये हैं। लेकिन मार्ग-उन्नयन कर रही निर्माण एजेंसी की जेसीबी मशीनों ने केबल को क्षतिग्रस्त कर भारी-क्षति पहुंचाई है। फलस्वरूप उत्कृष्ट-सेवायें देने और ग्राहक-संख्या में वृद्धि का कंपनी का सपना धराशाही हो गया है। वहीं सड़क निर्माण कम्पनी मार्ग-उन्नयन का कार्य कर रही है और विभाग को कोई मरम्मत -कार्य नहीं करना पड़ रहा है। अब सवाल यह है कि इन हालातों में क्या दूरभाष- कंपनी को अमानत राशि वापस की जावेगी? इस मामले में ठेकेदार प्रभात मिश्रा से संपर्क नहीं होने से उनकी प्रतिक्रया नहीं मिल सकी है।

### अभा गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा के रोहित तिवारी बने राष्ट्रीय प्रचार मंत्री



**हरदा।** अखिल भारतीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री के पद पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार रोहित तिवारी का मनोनयन किया गया है। महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने श्री तिवारी की संगठन के प्रति निष्ठा,समर्पण,सेवा भाव एवं उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता को ध्यान में रखकर वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी रोहित तिवारी को राष्ट्रीय प्रचार मंत्री बनाया है। उनकी नियुक्ति पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुनील तिवारी, पंडित ओमप्रकाश पुरोहित, संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला, राजेश पाराशर, महामंत्री लोकेश शर्मा, उत्तम तेनगुरिया, संयोजक प्रदीप पटेल, नितेश बादर, संदीप पाराशर, अखिलेश पाराशर, शांति कुमार जैसानी, शैलेन्द्र शुक्ला, विवेक बादर, सुदीप मंडलोई, नवीन शर्मा, दीपक शुक्ला, सौरभ तिवारी, संदीप पुरोहित, सतीश तिवारी, मनीष व्यास, दीप उपाध्याय, संतोष व्यास सहित समाजजनों ने उन्हें बधाई दी।

---

### पशु आहार संयंत्र पचामा में अनुभवी प्रबंधक नियुक्त करने की उठी मांग, प्रशासन को दिया आवेदन

**सीहोर।** पशु आहार संयंत्र पचामा के मैनेजर नरेश नरवरिया का तबादला हो जाने के बाद आए अतिरिक्त चार्ज के रूप में नियुक्त नए मैनेजर को हटाने की मांग उठने लगी है। इसके पीछे बताया गया है कि नए प्रबंधक के पास पहले से ही नोडल अधिकारी का चार्ज है और सुदाना प्रबंधक कार्य का अनुभव भी नहीं है जबकि सुदाना की क्वालिटी लगातार खराब हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए किसानों ने प्रबंध संचालक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल से एनडीडीवी के अधिकारी को या किसी कैटल फीड के अनुभवी प्रबंधक को पशु आहार पचामा में प्रबंधक नियुक्त करने की मांग रखी है। सीहोर के अनेक किसान विमल सिंह, मोती लाल, राजेश कुमार, शांतिलाल,वीर सिंह, रोहित पंवार, कालीचरण सहित अनेक किसानों ने कलेक्टर से शिकायती आवेदन देकर शिकायत की है। जिसमें बताया कि नए नियुक्त प्रबंधक फील्ड इंचार्ज राजेश विजयवर्गीय के अंडर में फील्ड में भी नोडल अधिकारी है और फील्ड इंचार्ज से किसान और स्टाफ पहले से नाराज है। उनके हस्तक्षेप से पचामा प्लांट का माहौल खराब रहता है। इसलिए एनडीडीबी से नए प्रबंधक को पचामा में नियुक्त करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि फील्ड इन्चार्ज राजेश के खिलाफ कई घोटाले के आरोप पूर्व में लगे थे।

# पुलिस अधीक्षक से अजा की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक द्वारा जिले के पुलिस अधीक्षक तथा अजाक्स कल्याण थाना सीहोर से ग्राम डोबरा में अनुसूचित जाति की विधवा भागवती बाई की ढाई एकड़ कृषि भूमि जिसका मौके पर राजस्व निरीक्षक आरती भिलाला एवं पटवारी दुर्गेश शुक्ला द्वारा ग्राम चौकिदार तथा पुलिस बल के समक्ष अनावेदकगणों को नोटिस के जरिये सूचना देकर दलित महिला भागवती बाई को सेटेलाईट मशीन से सीमांकन कर चारों दिशाओं में सीमेंट के पोल लगाकर मौके पर भूमि खसरा नम्बर 156/7, रकबा 2 हेक्टर का 24 जून को कब्जा दिलाया गया। आवेदिका द्वारा दूसरे दिन 25 जून को मौके पर सीमेंट के सभी पोल तोड़ कर गिरा दिये गये हैं, जिससे आवेदिका को भारी नुकसान हुआ है। आवेदिका द्वारा अनावेदकगण मनोज आत्मज जगन्नाथ, रमाशंकर आ.दुर्गाप्रसाद, सुरेश आ.विश्राम सिंह दांगी कृषक ग्राम डोबरा एवं मांगीलाल आ.हीरालाल निवासी ग्राम हसनपुर दिपड़ा, कृषक ग्राम डोबरा एवं आजाद गिर आ. मदन गिर, मुकेश गोस्वामी उर्फ जस्सु आ.जगन्नाथ से मौके पर पोल तोडने की बात की तो अनावेदकगणों द्वारा विधवा महिला एवं उसके पुत्र से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी तथा धारदार हथियार लेकर विवाद पर उतारू हो गये एवं जाति सुचक शब्दों का इस्तेमाल किया।

विधवा महिला द्वारा जिले के पुलिस अधीक्षक से तत्काल प्रभावशाली ग्राम डोबरा के व्यक्तियों पर अनुसूचित जाति अत्याचार अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जानमाल की रक्षा एवं भारी नुकसान की भरपाई की मांग की गई है। श्री खंगराले ने बताया कि शीघ्र ही दलित महिला को न्याय नही मिला तो कलेक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष भूखहड़ताल प्रारंभ की जायेगी, जिसकी सारी जावाबदारी जिला प्रशासन की होगी। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से सीताराम भारती, श्रीमती आरती नरेन्द्र खंगराले, मांगीलाल टिमरई, भँवरलाल पेठारी, कमलसिंह अहिरवार, रामभजन मालवीय, दीपक सोनकर आदि शामिल हैं।